https://www.upboardonline.com



**IV-2**

# प्रश्न–पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर–2021
# द्वितीय प्रश्न–पत्र
# (शैक्षिक प्रबन्धन एवं प्रशासन)

{पूर्णांक : 50

समय : 2:00 घण्टे}

निर्देश:

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गए हैं।
2. इस प्रश्न–पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पच्चीस (25) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पच्हत्तर (75) शब्दों में लिखिए।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद का मुख्यालय स्थित है– 1

   (1) नई दिल्ली

   (2) भोपाल

   (3) लखनऊ

   (4) वाराणसी

2. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना किस शिक्षा नीति/आयोग के तहत की गई– 1

   (1) नई शिक्षा नीति, 1968

   (2) नई शिक्षा नीति, 2020

   (3) नई शिक्षा नीति, 1986

   (4) कोठारी आयोग

3. विद्यालय की बौद्धिक प्रयोगशाला है– 1

   (1) विज्ञान प्रयोगशाला

   (2) शिक्षण–कक्ष

   (3) पुस्तकालय

   (4) म्यूजियम

4. "औपचारिक रूप से संगठित समूहों में व्यक्तियों से मिलकर कार्य करने की कला ही प्रबन्धन है," यह कथन है– 1

   (1) लारेन्स

   (2) पीटर एफ. ड्रकर

   (3) हैरोल्ड कीन्ज

   (4) एफ. डब्लू. टेलर

5. निम्नलिखित में से किस आकार का भवन नहीं होता है– 1

   (1) 'A' आकार

   (2) 'I' आकार

   (3) 'E' आकार

   (4) 'D' आकार



P.T.O

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com



6. कुर्सी व मेज की स्थिति छात्रों के लिए होनी चाहिए– 1

(1) धनात्मक

(2) ऋणात्मक

(3) शून्यात्मक

(4) उपर्युक्त सभी

7. मातृ शिक्षक संघ (एम.टी.ए.) की बैठक माह के किस दिन कराने का प्रावधान होता है– 1

(1) शुक्रवार

(2) शनिवार / रविवार

(3) बुधवार

(4) मंगलवार

8. इन्दिरा गाँधी मुक्त वि.वि. (इग्नू) की स्थापना कब हुई– 1

(1) सन् 1982 में

(2) सन् 1985 में

(3) सन् 1885 में

(4) सन् 1986 में

9. ग्राम शिक्षा समिति का सदस्य सचिव होता है– 1

(1) बेसिक स्कूल का वरिष्ठ शिक्षक

(2) ग्राम प्रधान

(3) अभिभावक

(4) बेसिक स्कूल का प्रधानाध्यापक

10. निम्नलिखित में से कौन सी पाठ्य–सहगामी क्रिया छात्रों में तर्कशक्ति का विकास करती है– 1

(1) निबन्ध लेखन

(2) अभिनय

(3) खेलकूद

(4) वाद–विवाद

11. विद्यालय के अभिलेखों का मुख्य उद्देश्य होता है– 1

(1) दण्ड का साक्ष्य

(2) अनियमितताओं की जानकारी

(3) निरीक्षण में सहयोग

(4) आवश्यक सूचनाओं का रख–रखाव

12. शैक्षिक पर्यवेक्षण का मुख्य उद्देश्य होता है– 1

(1) शिक्षा की सम्पूर्ण प्रक्रिया में वांछनीय परिवर्तन करना

(2) सामान्य निर्देशन देना

(3) कक्षा–कक्ष का निरीक्षण

(4) अनुदानों की अपव्यय का निरीक्षण

13. जिला स्तर की सर्वोच्च अकादमिक संस्था है– 1

(1) सीमैट

(2) बी.आर.सी.

(3) एस.सी.ई.आर.टी.

(4) डायट

14. आपदा प्रबन्धन विधेयक संसद में कब प्रस्तुत किया गया– 1

(1) सन् 2002 में

(2) सन् 2004 में

(3) सन् 2005 में

(4) सन् 2006 में

15. आंग्ल–भाषा शिक्षण संस्थान स्थित है– 1

(1) लखनऊ

(2) प्रयागराज

(3) मेरठ

(4) आगरा



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

②

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

16. शैक्षिक प्रबन्धन से आप क्या समझते हैं? 1

17. लर्निंग कार्नर से आप क्या समझते हैं? 1

18. विद्यालय संगठन का क्या उद्देश्य है? 1

19. मीना मंच का क्या उद्देश्य है? 1

20. पाठ्य–सहगामी क्रियाओं से आपका क्या आशय है? 1

21. किन्हीं चार प्राकृतिक आपदाओं के नाम बताइये। 1

22. प्रबन्धन एवं प्रशासन में क्या अन्तर है? 1

23. डायट मेण्टर कौन होते हैं? 1

24. विद्यालय–अभिलेख के महत्त्वपूर्ण प्रकार बताइये। 1

25. शैक्षिक पर्यवेक्षण को परिभाषित कीजिए। 1

26. संचयी अभिलेख पत्र में किसका लेखा रखा जाता है? 1

27. विद्यालय से सम्बन्ध रखने वाले प्रमुख मानवीय संसाधनों के नाम लिखिए। 1

28. जिला समन्वयक जिले के किस अधिकारी के अधीनस्थ कार्य करता है? 1

29. शैक्षिक भ्रमण के कोई दो महत्त्व बताइये। 1

30. भारत में सूचना का अधिकार अधिनियम किस वर्ष से प्रभावी हुआ? 1

## लघु उत्तरीय प्रश्न

31. विद्यालयों के शैक्षिक प्रबन्धन के अन्तर्गत कक्षा–कक्ष प्रबन्धन व पुस्तकालय प्रबन्धन को समझाइये। 2

32. विद्यालय प्रबन्धन में प्रधानाध्यापक की भूमिका स्पष्ट कीजिए। https://www.upboardonline.com 2

33. दो अध्यापकों वाले विद्यालय हेतु समय–सारणी तैयार कीजिए? 2

34. शिक्षक सन्दर्शिका से क्या अभिप्राय है? इसके प्रबन्धन पर प्रकाश डालिए। 2

35. पाठ्य–सहगामी क्रियाएँ किस प्रकार बालकों के विकास में सहायक हैं? 2

36. ग्राम–शिक्षा समिति के सदस्य कौन–कौन होते हैं? इनके प्रमुख कार्य बताइये। 2



https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

37. राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (NIEPA) का संक्षिप्त परिचय दीजिए एवं इसके प्रमुख उद्देश्य बताइये। 2

38. बेसिक शिक्षा अधिकारी के प्रमुख दायित्व बताइये। 2

39. ब्लॉक संसाधन केन्द्र (BRC) की संरचना एवं कार्यों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 2

40. शैक्षिक प्रशासन के निर्णयवादी सिद्धान्त एवं भूमिका संघर्ष सिद्धान्त का वर्णन कीजिए। 2

❖❖❖❖❖❖

❖❖❖❖

https://www.upboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.upboardonline.com